हिन्दी विभाग

परिचर्चा

"कार्यालयी हिन्दीः कार्यान्वयन और चुनौतियाँ"

19-09-2018

सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय, हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 19-09-2018 को **"कार्यालयी हिन्दीः कार्यान्वयन और चुनौतियाँ"** विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता में डॉ. सूर्य नारायण सिंह, हिन्दी विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दी का प्रयोग हमारे नैतिक दायित्व के साथ साथ हमारा संवैधानिक दायित्व भी है। हिंदी के तमाम रूपों में कार्यालयी हिन्दी, हिन्दी का वह रूप है जिसमे स्पष्टता अनिवार्य है।

इस अवसर पर सुश्री मीनू रानी दुबे ने भी कार्यालयी हिन्दी के स्वरूप पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं, शिक्षको और कार्यालय के कार्यकर्त्ताओ ने अपनी बात रखकर परिचर्चा को जीवंत बनाया। प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह ने अतिथियों को बुके प्रदान किया। अतिथियों का स्वागत कला संकाय की को–आर्डिनेटर डॉ. अल्पना अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन हिंदी विभाग की संयोजक डॉ. रचना आनंद गौड़ द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आदित्य त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. नीरजा सचदेव, डॉ. रितू जायसवाल , डॉ. शिव शंकर श्रीवास्तव, डॉ. ताहिरा परवीन, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. प्रियंका गुप्ता, डॉ. नीता साहू, श्री रवि कान्त, श्री संतोष, श्री कृष्ण चन्द्र तिवारी, श्री मोहित कन्नौजिया, श्रीमती सोनाली, आदि उपस्थित थे।